भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 83**
उत्तर देने की तारीख 2 दिसंबर, 2024
सोमवार, 11 अग्रहायण 1946 (शक)

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थी**

*83. **श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर: श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर:**

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का राज्य-वार ब्योरा क्या है;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्रदान की गई नौकरियों का दादरा और नागर हवेली, मुंबई और छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) सहित महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में राज्य-वार/जिला-वार ब्योरा क्या है; और

(ग) देश के सभी युवाओं को लाभान्वित करने के लिए उपर्युक्त राज्यों में विशेषतः छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) सहित महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में उक्त योजना को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों का ब्योरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों के संबंध में श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर और श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर द्वारा दिनांक 02.12.2024 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *83 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) विगत पांच वित्तीय-वर्षों और वर्तमान वित्तीय-वर्ष (अर्थात 2019-25) के दौरान दिनांक 31.10.2024 तक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख) इस स्कीम के पहले तीन चरणों में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन को ट्रैक किया गया था, जो कि पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 है, जिसे वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, हमारे प्रशिक्षित उम्मीदवारों को अपने विविध कैरियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वे इसके लिए उपयुक्त रूप से उन्मुख हैं। इसके अलावा स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) जैसे विभिन्न आईटी उपकरण भी यह अवसर प्रदान करते हैं।

(ग) पीएमकेवीवाई स्कीम छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) को कवर करते हुए महाराष्ट्र राज्य सहित पूरे देश में लागू की गई है।

एमएसडीई ने टेलीविजन, रेडियो, प्रिंट और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यापक मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत उपलब्ध पाठ्यक्रमों के बारे में महाराष्ट्र राज्य सहित सभी राज्यों को कवर करते हुए भारत के नागरिकों को सूचित करने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान और प्रचार गतिविधियाँ, स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मीडिया के साथ आवधिक मीडिया ब्रीफिंग; सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय भागीदारी; और सामुदायिक सहभागिता पहल शुरू की हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), दूरदर्शन, माईगव और अन्य एजेंसियों के माध्यम से नियमित प्रेस विज्ञप्तियाँ भी जारी की गई हैं।

इस स्कीम में जानकारी का प्रसार करने और भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण संस्थानों के हमारे व्यापक नेटवर्क के माध्यम से जागरूकता भी सृजित की गई है। एमएसडीई की डिजिटल पहल - 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' (एसआईडीएच) का उपयोग करके, नागरिक पीएमकेवीवाई पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकन करा सकते हैं और उन निकटतम केंद्रों का पता लगा सकते हैं जहाँ यह स्कीम चल रही है।

अनुबंध

31.10.2024 तक, पिछले पांच वित्तीय वर्षों (एफवाई) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (अर्थात, 2019-25) के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या:

| क्र.सं. | राज्य क्षेत्रसंघ राज्य/ | वित्तीय वर्ष 19-20 | वित्तीय वर्ष 20-21 | वित्तीय वर्ष 21-22 | वित्तीय वर्ष 22-23 | वित्तीय वर्ष 23-24 | वित्तीय वर्ष 24-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,259 | 1,464 | 613 | 310 | 648 | 869 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 1,05,667 | 66,404 | 13,199 | 5,798 | 32,421 | 25,417 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 15,700 | 51,991 | 8,884 | 667 | 4,152 | 9,079 |
| 4. | असम | 1,98,896 | 3,62,506 | 24,517 | 8,721 | 38,189 | 65,385 |
| 5. | बिहार | 1,91,902 | 96,288 | 47,643 | 12,213 | 23,583 | 66,747 |
| 6. | चंडीगढ़ | 9,507 | 3,834 | 893 | 491 | 319 | 559 |
| 7. | छत्तीसगढ | 46,548 | 16,151 | 9,495 | 4,356 | 8,367 | 11,687 |
| 8. | दिल्ली | 1,46,205 | 55,121 | 19,965 | 2,262 | 10,686 | 7,024 |
| 9. | गोवा | 4,300 | 1,709 | 604 | 176 | 183 | 138 |
| 10. | गुजरात | 1,55,195 | 48,489 | 35,001 | 6,503 | 19,975 | 35,979 |
| 11. | हरियाणा | 1,75,386 | 54,719 | 18,191 | 8,963 | 27,365 | 50,757 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 48,870 | 15,612 | 8,724 | 3,539 | 5,348 | 12,696 |
| 13. | जम्मू और कश्मीर | 1,22,659 | 58,927 | 21,339 | 7,352 | 28,875 | 72,228 |
| 14. | झारखंड | 1,20,103 | 15,452 | 34,233 | 5,302 | 8,796 | 24,755 |
| 15. | कर्नाटक | 1,65,247 | 53,066 | 23,153 | 8,410 | 13,025 | 35,014 |
| 16. | केरल | 78,523 | 31,077 | 12,968 | 5,673 | 8,802 | 7,866 |
| 17. | लद्दाख | 1,937 | 181 | 731 | 246 | 445 | 283 |
| 18. | लक्षद्वीप | 60 | 90 | 120 | - | - | 120 |
| **19.** | **मध्य प्रदेश** | **2,23,483** | **95,403** | **46,659** | **21,345** | **34,833** | **1,94,907** |
| **20.** | **महाराष्ट्र** | **6,37,002** | **1,48,352** | **39,864** | **14,913** | **35,257** | **52,495** |
| 21. | मणिपुर | 28,962 | 34,540 | 6,424 | 1,146 | 2,879 | 12,330 |
| 22. | मेघालय | 11,999 | 17,769 | 3,406 | 1,245 | 2,502 | 6,467 |
| 23. | मिजोरम | 10,837 | 11,433 | 4,742 | 1,162 | 3,533 | 4,560 |
| 24. | नागालैंड | 17,364 | 14,399 | 4,184 | 1,803 | 3,830 | 5,148 |
| 25. | ओडिशा | 2,39,050 | 68,828 | 12,645 | 12,116 | 21,428 | 21,628 |
| 26. | पुदुचेरी | 7,172 | 3,241 | 1,622 | 689 | 1,556 | 1,725 |
| 27. | पंजाब | 97,681 | 57,054 | 18,539 | 7,568 | 11,816 | 89,029 |
| 28. | राजस्थान | 4,46,900 | 97,822 | 38,511 | 9,232 | 23,551 | 2,15,296 |
| 29. | सिक्किम | 5,123 | 3,634 | 1,322 | 381 | 2,802 | 2,436 |
| 30. | तमिलनाडु | 1,85,108 | 72,404 | 29,057 | 8,029 | 34,507 | 58,685 |
| 31. | तेलंगाना | 1,08,145 | 33,999 | 13,107 | 8,040 | 15,390 | 14,834 |
| **32.** | **दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव** | **5,338** | **222** | **252** | **31** | **301** | **1,092** |
| 33. | त्रिपुरा | 50,388 | 46,676 | 4,490 | 1,608 | 5,081 | 10,394 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 6,56,829 | 2,39,286 | 69,015 | 25,568 | 71,530 | 3,17,466 |
| 35. | उत्तराखंड | 68,250 | 29,412 | 10,522 | 2,942 | 11,584 | 30,951 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 1,77,880 | 53,221 | 31,406 | 12,370 | 25,766 | 25,774 |
| **योग** | | **45,65,475** | **19,60,776** | **6,16,040** | **2,11,170** | **5,39,325** | **14,91,820** |

*****